पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————————

राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने वाले दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की नैक कमेटी का उत्साहवर्धन किया।

——————

नैक मूल्यांकन में अपना उच्च स्तर बनाये रखने के लिए अपने कार्यों को निरंतरता से जारी रखें।

———————

विश्व स्तरीय रैंकिंग के लिए गुणवत्ता बनाएं
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 12 अप्रैल, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहां राजभवन में नैक मूल्यांकन में उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त करने वाले दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की नैक तैयारियों हेतु गठित कमेटी के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजेश सिंह के साथ मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने टीम के सदस्यों को नैक मूल्यांकन सम्बन्धी आबंटित कार्यों को यथावत जारी रखकर आगामी मूल्यांकनों में भी उच्च स्तर बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्ता को विश्वस्तरीय बनाकर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए भी प्रयास किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय के डाटा संकलन को निरंतरता से जारी रखते हुए विधिवत रिकार्ड संयोजन पर जोर दिया।

राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों से नैक मूल्यांकन हेतु की गई तैयारियों के दौरान कार्यगत और व्यक्तिगत अनुभवों की भी चर्चा की। चर्चा के दौरान टीम सदस्यों

ने अपने विशेष कार्यानुभवों की जानकारी दी। उन्होंने नैक की तैयारियों में राज्यपाल जी द्वारा लखनऊ में कराई गयी नैक मंथन कार्यशाला से प्राप्त जानकारियों को महत्वपूर्ण बताया। सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन हेतु तैयार एस0एस0आर0 की समीक्षा हेतु राज्यपाल द्वारा की गयी बैठकों और सुधार हेतु दिए गए बहुमूल्य और आवश्यक सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

==========

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361